कांग्रेस की बैठक आज

डूंगरपुर, (कासं)। राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों की गूंज अभियान के तहत पीसीसी के निर्देशानुसार डूंगरपुर कांग्रेस पार्टी की बैठक 26 जून को सुबह 11 बजे वागड गांधी वाटिका हॉल डूंगरपुर में जिलाध्यक्ष गणेश घोघरा की अध्यक्षता में रखी गई है। संगठन महासचिव नारायण पंड्या ने बताया कि बैठक में पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्रीसहित समस्त युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अग्रिम संगठनो के पदाधिकारी और कांग्रेसजन भाग लेंगे।

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय : राजेन्द्र राठौड़

- संविधान हत्या दिवस पर भाजपा की संभाग स्तरीय विचार गोष्ठी हुई

उदयपुर, (कासं)। संविधान हत्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी उदयपुर संभाग द्वारा बलीचा दक्षिण विस्तार स्थित भाजपा के नवीन कार्यालय में संभाग स्तरीय विचार गोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल की विभीषिका को स्मरण करते हुए लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को नमन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ थे, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उदयपुर संभाग प्रभारी नाहर सिंह जोधा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए संविधान की मूल भावना को कुचलते हुए देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए थे। हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं ,पत्रकारों ,सामाजिक कार्यकर्ताओं और राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों को जेलों में डालकर लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया गया। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और त्याग के कारण ही भारत पुन: लोकतांत्रिक मूल्यों की ओर लौट सका। नई पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई जानना और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि आपातकाल की पीड़ा केवल जेलों में बंद लोकतंत्र सेनानियों तक सीमित नहीं थी बल्कि उनके परिवारों ने भी असहनीय कष्ट झेले। कई घरों के कमाने वाले सदस्य जेल में थे माताओं ने अपने बच्चों को अभावों में पाला बहनों ने अपने भाइयों की प्रतीक्षा की और पत्नियों ने संघर्ष एवं त्याग की मिसाल प्रस्तुत की। लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिए गए इन बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

राठौड़ ने कहा कि आज जब हम स्वतंत्र वातावरण में अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं तब हमें उन लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण अवश्य करना चाहिए जिन्होंने व्यक्तिगत सुख.सुविधाओं का त्याग कर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष किया। उनका त्याग और तपस्या आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लोकतंत्र हमें विरासत में नहीं मिला बल्कि असंख्य देशभक्तों के संघर्ष और बलिदान से सुरक्षित हुआ है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी नाहर सिंह जोधा ने अपने संबोधन में कहा कि ष्आपातकाल केवल राजनीतिक घटना नहीं थी बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना पर किया गया सबसे बड़ा प्रहार था। प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया, न्यायपालिका पर दबाव बनाया गया और नागरिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया। लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिवारों ने जो कष्ट सहन किएए वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

सार-समाचार

हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के समीप नाई थाना क्षेत्र में आपसी कहासूनी के दौरान पिता ने पुत्र के साथ मिलकर पुत्र की हत्या कर दी। इस मामले में आरोपी पिता को पुलिस ने डिटेन किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून रात में शराब के नशे में प्रकाश पुत्र भग्गा भील निवासी काड़ा पुला अलसीगढ नाई ने अपने पुत्र महेन्द्र के साथ मिलकर दूसरे पुत्र जगदीश (25) पुत्र प्रकाश की हत्या कर दी। घटना वाली रात में प्रकाश, महेन्द्र व जगदीश ने साथ में शराब पी थी। इस दौरान जगदीश की सिलाई मशीन किसी अन्य को देने पर एतराज किया था। इसको लेकर कहासूनी होने पर प्रकाश ने बीयर की बोतल सिर में मार दी। जिससे अचेत होने के बाद पत्थर सिर पर पटक कर हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई हरिराम मय टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतक को नाई चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के भाई कैलाश पुत्र प्रकाश भील निवासी काड़ा फला अलसीगढ नाई हॉल काया की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रकाश को डिटेन किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

ग्राम सेवा शिविर में मछली ठेके का विरोध

उदयपुर,(कासं)। वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवानिया में ग्राम सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक ही छत के नीचे बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निस्तारण किया।शिविर के दौरान ग्रामीणों ने वल्लभनगर मुख्य मार्ग पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की। इसके साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा स्थानीय तालाब में मछली पकड़ने का ठेका जारी करने पर ग्रामीणों ने भारी रोष व्यक्त किया।ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का तालाब क्षेत्र के लोगों की धार्मिक आस्था का एक बड़ा केंद्र है। उन्होंने इसे धार्मिक तालाब घोषित करने और मछली पालन का ठेका तुरंत प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लिया और नियमानुसार समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में राजस्व शुद्धिकरण के 20 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं 15 जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अतिरिक्त 3 आवासीय पटे और 2 सामाजिक सरक्षा पेंशन केप्रकरण निपटाए गए। फार्मर रजिस्ट्री के लिए 350 किसानों के आवेदन पत्र भी जमा किए गए इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रमेश चंद्र वढेरा,तहसीलदार सुरेंद्र कुमार छिपा,नायब तहसीलदार रूपेश मेघवाल,मोहन लाल गवारिया, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार,प्रशासक जगदीश चंद्र सेन, सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। लिविंग रिलेशन में रहते हुए युवती ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी मनोज पुत्र दिनेश डामोर निवासी खेरवाड़ा के खिलाफ प्रकरया दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने छह माह पूर्व शादी करने के बहाने मुझे अपने साथ लेकर आया तथा लिविंग रिलेशन के रूप में साथ में रह रहे थे। इस दौरान आरोपी ने मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा। गत दिनों आरोपी बिना बताए मुझे छोड़ कर चला गया। तलाश की लेकिन पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच देवीलाल एसआई को सौंपी है।

चाकूबाजी में युवक घायल

उदयपुर,(कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते बदमाश ने चाकू से हमला कर युवक को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोर्वमेंट प्रेस किशनपोल निवासी शाहनवाज पुत्र शौकतअली गुरूवार सवेरे सज्जनगढ स्थित दरगाह पर जा रहा था। इस दौरान तबरेज व साथियों ने आपसी विवाद के चलते चाकू से हमला कर दिया। जिससे बचाव करने पर हाथ पर घायल लग गया। इसको देख चिल्लाने पर हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल को चिकित्सालय पहुंचाया।

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज विभाग

कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़ावा
पंचायत समिति वल्लभनगर, जिला- उदयपुर (राज.)

क्रमांक : ग्रा.प.ढ़ा/2026-27/22987558 दिनांक : 25.6.2026

-: खुली निविदा सूचना वर्ष 2026-27 :-

ग्राम पंचायत ढावा में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से खुली निविदा द्वारा निविदांए दिनांक 03.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No PSV2627A0008

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढ़ावा	ग्राम पंचायत ढ़ावा
पंचायत समिति वल्लभनगर	पंचायत समिति वल्लभनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- 113 दिनांक- 24.04.2026

-: खुली बोली ई निविदा सूचना :

ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई निविदा दिनांक 06.07.2026 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIT Code	UBN Code	TENDERID
ZUD2627A1011	ZUD2627WSOB01305	2026_PRD_570890_1

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ऋषभदेव	ग्राम पंचायत ऋषभदेव
पं.स.ऋषभदेव,जि.उदयपुर(राज.)	पं.स.ऋषभदेव,जि.उदयपुर(राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत, तरपाल
पंचायत समिति, सायरा जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक: 16 दिनांक: 26.05.26

-: ई- निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत तरपाल के लिए स्वीकृत कार्य हेतु दिनांक 02.07.26 को सायं 6.00 बजे तक ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीsppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	UBN NO.
1.	नरेगा/VBRRAM-G ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में सामग्री आपूर्ति	ZUD2627GLRC01271

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत - तरपाल	ग्राम पंचायत - तरपाल
पं.स.सायरा,जिला-उदयपुर	पं.स.सायरा,जिला-उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत उगमणा कोटडा पंचायत समिति ऋषभदेव जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- 58 दिनांक- 22.06.2026

-: ई निविदा सूचना- 01/2026-27 :-

ग्राम पंचायत उगमणा कोटडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 06.07.26 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No 1. ZUD2627A0988
Tender ID 2026_PRD_570487_1
UBN No. 1. ZUD2627GLOB01283

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उगमणा कोटड़ा	ग्राम पंचायत उगमणा कोटड़ा
पं.स.ऋषभदेव,जि.उदयपुर	पं.स.ऋषभदेव,जि.उदयपुर

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/3455 दिनांक : 25.6.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री मोहनलाल पिता श्री तोलाराम एवं श्री दिनेश उर्फ श्री दिनेश शंकर पुरोहित पिता श्री शंकर लाल पुरोहित निवासी-नाथद्वारा	भूखण्डसंख्या-468 क्षैत्रफल-1250वर्गफिट, सुखाडिया नगर, नाथद्वारा	आम रास्ता	भूखण्ड संख्या-458	भूखण्ड संख्या-469	श्री नरोत्तम शर्मा का मकान
2.	श्री तुलसी राम यादव पिता श्री भंवरलाल निवासी-यादव मोहल्ला	भूखण्डक्षैत्रफल-900 वर्गफिट, यादव बस्ती नाथद्वारा	रास्ता	मकान श्री बिहारी लाल	मकान श्री हरिलाल	मकान श्री फुलचन्द
3.	श्रीमती द्रौपदी पुरोहित पत्नि श्री मदनलाल पुरोहित	भूखण्डसंख्या-44 क्षैत्रफल-1225वर्गफिट, कर्मचारी कॉलोनी, नाथद्वारा	30फिट रोड	पड़त भूमि उसके आगे रास्ता15फिट	पड़त भूमि	मकान श्री गिरधारी लालजी

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

दस महीने पहले बने पुल में दरार, जांच शुरू

- ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने की थी शिकायत

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के नयागांव क्षेत्र में तीन पट्टा मोड से सरेरा जाने वाले रास्ते पर तालाब के पानी से गुजरने के लिए पुराने पुल पर बनाए नए पुल में दस महीने में ही दरार आ गई। मामला कलेक्टर की जनसुनवाई में आया तो कलेक्टरमौका देखकर आए और वहीं से जांच के आदेश दिए। अब जिला परिषद की एक टीम ने इस पुल निर्माण में क्वालिटी की जांच शुरू की।टीम ने निर्माण कार्य को लेकर निर्माण सामग्री के सैंपल भी लिए।

असल में ग्रामीणों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने इस बात की शिकायत थी,कि सरेरा ग्राम पंचायत में डाडमिया पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और उसका सीधा तौर पर पुल को नुकसान पहुंचा और आठ महीने में ही पुल में दरार आ गई।नयागांव में 11 जून को उदयपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल की जनसुनवाई थी। इस दौरान इस पुल का मुद्दा उठाने वाले लोगों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को पूरी स्थिति बताई।उन्होंने कहा कि दरारें बढ़ रही है कभी पुल ढह जाए तो हादसा हो जाएगा। जनसुनवाई खत्म होने के बाद कलेक्टर अग्रवाल वहां से पुल देखने मौके पर पहुंच गए। वहां से उन्होंने जिला परिषद को इसकी जांच कराने केनिर्देश दिए।

इसी क्रम में जिला परिषद उदयपुर से एक तकनीकी टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। टीम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया और कोर कटिंग मशीन का उपयोग करते हुए तीन अलग.अलग स्थानों से कंक्रीट और अन्य सामग्री के नमूने इकट्ठा किए। उदयपुर जिला परिषद की इस जांच टीम में आशीष धाकड़. प्रियंका चपलोत, धर्मेश लोहार और हेमंत चौबीसा भी शामिल थे। मौके पर ग्राम पंचायत सरेरा के रोजगार सहायक नरेश लबाना,वार्ड पंच मनीष भगोरा, सहित गांव के अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे और उन्होंने टीम को पुल में आई दरार बताई।

मॉक ड्रिल आयोजित

उदयपुर, (कासं)। वर्षाकाल के दौरान संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से गुरुवार प्रात: 11 बजे उदयसागर बांध पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के तहत जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता अजय सिंह गुर्जर ने सायरन बजाकर आसपास के क्षेत्र के लोगों को सचेत किया तथा बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्रेषित की। सूचना प्राप्त होते ही उपखण्ड अधिकारी गिर्वा श्री ए. साईकृष्ण, डीवाईएसपी छवि शर्मा, पुलिस जाब्ता, नागरिक सुरक्षा दल, एसडीआरएफ एवं सेना के दल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया।

अग्नि सुरक्षा मापदंडों में लापरवाही पर तीन होटल व एक रेस्टोरेंट को किया सीज

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम अग्निशमन विभाग की शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार दूसरे दिन भी सख्त कार्रवाई जारी रही। निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर अग्निशमन विभाग की टीम ने अग्नि सुरक्षा नियमों की लगातार अवहेलना करने तथा पूर्व में जारी नोटिसों की अनुपालना नहीं करने वाले चार प्रतिष्ठानों को सीज किया गया।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर निगम द्वारा पिछले कई समय से एक अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान में पहले सभी प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में अग्नि सुरक्षा संबंधित उपकरण स्थापित करने हेतु अपील की गई थी उसके बाद नोटिस जारी किए गए उसके उपरान्त भी कई प्रतिष्ठानों ने सभी को अनदेखा करते हुए लापरवाही की। इसी के चलते मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सेक्टर.3 स्थित मीरा होटल, गुलाब बाग स्थित ग्रैंड सीता होटल,सेक्टर.14 स्थित एक रेस्टोरेंट तथा सेक्टर.3 सेवा आश्रम स्थित ग्रैंड गिफ्ट कॉम्प्लेक्स में संचालित कोचिंग को अग्नि आपातकालीन सुरक्षा प्रावधानों के तहत सीज किया गया।इस दौरान अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा,सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा तथा निगम पुलिस निरीक्षक मंगीलाल डांगी एवं भारी जाब्ता मौजूद रहा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि पूर्व में किए निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में आवश्यक अग्निशमन उपकरणों की कमी, आपातकालीन निकास व्यवस्था का अभाव, फायर सेफ्टी मानकों की अनुपालना नहीं होना तथा अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण.पत्र प्राप्त नहीं करना पाया गया। विभाग द्वारा पूर्व में संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए थेए लेकिन निर्धारित समयावधि में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने पर एवं आमजन के जानमाल की रक्षा हेतु यह कठोर कदम उठाया गया।

मोहर्रम (ताजिया) पर्व आज

डूंगरपुर, (निसं)। मुस्लिम समुदाय का मुकद्दस त्यौहार मोहर्रम (ताजिया) प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा के साथ 26 जून शुक्रवार को मनाया जायेगा। मोहर्रम पर्व के तहत 25 जून रात्रि 1० बजे घाटी से आसुरा (शहादत) की रात को मदिना मस्जिद से मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। वही घाटी से होते हुए हाजीपुरा,छिपा (बोहरवाडी) गली होते कोतवाली पहुंचा। जहां लालपुरा व फराशवाडा के मोहर्रम का भी रात्रि को ठहराव रहा। इसके पश्चात रात्रि 1 बजे यहां से पुन: तीनों मोहर्रम को अपने मोहल्लों के लिए रवाना हुए। इसीक्रम में 26 जून शुक्रवार को मोहर्रम का जुलूस घाटी स्थित मदिना मस्जिद से ठीक 10 बजे प्रारंभ होगा।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर

क्रमांक : 736 दिनांक: 17/6/26

Notice Inviting Bid -: 06/2026-27

Bid for the Various Civil Works" are invited from interested bidders from 18.06.2026 [09:30 AM] to 09.07.2026 [06:00 PM] & Open date 10.07.2026 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 518.89 Lakhs.

UBN No.: PWD2627WL0B05314

DIPR/C/11127/2026

Executive Engineer
PWD City Division, Bikaner

आरजीएचएस स्कीम में मुफ्त की बजाय पैसे वसूलकर किया इलाज

- निजी पारस हॉस्पिटल की गंभीर लापरवाही
- शिकायत के बाद प्रशासन ने वसूली राशि लौटाने को किया पाबंद

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में शोभागपुरा स्थित निजी पारस हॉस्पिटल ने सरकार की राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के तहत सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स रोगियों को मुफ्त इलाज देने के बजाय उनसे पैसे वसूल लिए। रोगियों के परिजनों ने जब इसकी शिकायत जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग को की तो प्रशासन ने इसे राज्य सरकार की योजना के नियमों का गंभीर उलूंघन माना।

प्रशासन ने हॉस्पिटल की लापरवाही मानते हुए उसे रोगियों से ली गई राशि वापस लौटाने की हिदायत दी है। ऐसे में करीब 5 केस सामने आए हैं जिन्हें पारस हॉस्पिटल ने आरजीएचएसके तहत मुफ्त इलाज देने से साफ मना कर दिया। कुल 5 में से 3 रोगियों के परिजनों को मजबूरन नकद पैसे जमा कराने पड़े। एक के इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई। वहीं, एक केस आयुष्मान आरोग्य योजना में पैसे लेकर इलाज करने का था।

सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य के अनुसार आरजीएचएस योजना के तहत अधिकृत कोई भी निजी हॉस्पिटल योग्य लाभार्थी को इलाज के लिए मना नहीं कर सकता। ऐसाकरने पर इस योजना का उलूंघन माना जाएगा। अगर वापस पारस हॉस्पिटल में ऐसी लापरवाही सामने आती है तो लाइसेंस निरस्तगी की कार्रवाई की जा सकती है। सभी हॉस्पिटल्स को भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं कि वे राज्य सरकार की चिकित्सा योजनाओं की सख्ती से पालना करें। विभाग इस पर पूरी तरह मॉनिटरिंग कर रहा है।

रेवेन्यू विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी सुरेश मानावत के अनुसार दिसंबर 2022 में मेरी पत्नी की सीरियस हालत होने पर इलाज के लिए पारस हॉस्पिटल लेकर गए थे। एंट्री कराते समय हमें हॉस्पिटल स्टाफ ने कहा था कि कि नकद पैसा जमा कराएंगे तभी इलाज होगा। हमने योजना से जुड़े सारे कागज दिखाए लेकिन स्टाफ नहीं माना। मेरी पत्नी की कंडीशन ऐसी थी कि उन्हें जल्द इलाज की जरूरत थी। ऐसे में मजबूरन 28092 रुपए जमा कराकर इलाज कराना पड़ा।

आपको बतादें कि आरजीएचएसके तहत इलाज पूरी तरह से कैशलेस यानी मुफ्त है। रोगी के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार सीधे हॉस्पिटल को भुगतान करती है। योजना के तहत सामान्य बीमारियों के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज होता है।गंभीर.जानलेवा बीमारियों के लिए 5 लाख का अतिरिक्त कवर दिया जाता है। इस योजना में वर्तमान कर्मचारी, पेंशनर्स,विधायक,पूर्व विधायक, न्यायिक सेवा के कार्यरत व सेवानिवृत न्यायाधीश,भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, पेंशनर्स, कर्मचारियों के आश्रित परिजन (6000 रुपए मासिक आय से कम हो) आदि शामिल हैं।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/तामिर/2026/3452 दिनांक :25.6.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री शिव चौधरी पिता श्री पुष्पेन्द्र सिंह चौधरी निवासी- चितरवाडा, जाट पायसा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-1ए क्षैत्रफल-615 वर्गफिट, चितरवाडा, जाट पायसा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-1बी	भूखण्ड श्री अम्बा लालजी	10फिट रोड	04फिट गली

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

वाटर कूलर भेंट

उदयपुर,(कासं)। भारत विकास परिषद की चेतक शाखा, उदयपुर द्वारा सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा के तहत शास्त्री सर्किल स्थित दाताराम हनुमान मंदिर में राहगीरों और श्रद्धालुओं को वर्षभर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर मंदिर समिति को समर्पित किया गया।

शाखा अध्यक्ष रजनीकांत मनावत ने बताया कि यह सेवा कार्य शाखा की महिला संस्कार संयोजिका रेणु गोयल एवं एम.एल. गोयल की प्रेरणा और सहयोग से सम्पन्न हुआ।